# इस्पात संदेश

Email: info@kamdhenulimited.com, Website: www.kamdhenulimited.com, www.kamdhenupaints.com
www.facebook.com/kamdhenulimited

आई एस ओ 9001–2015 प्रमाणित कंपनी कामधेनु लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–18, अंक–10, अक्टूबर 2019


**किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545**




## कामधेनु लिमिटेड की सफलता का मंत्र 'मुश्किल है पर मुमकिन है।'

### चंडीगढ़ में पंजाब और हिमाचल प्रदेश डीलर्स की मोटिवेशनल मीट आयोजित

नम्बर #1 टीएमटी उत्पादों को पेश करते हुए देश की अग्रणी कंपनी कामधेनु लिमिटेड ने उद्योग जगत में सफलता की मिसाल पेश की है। कंपनी की ये सफलता कई मायनों में अनुठी है। कंपनी ने कम समय में देश की अग्रणी कंपनियों में अपना स्थान बनाया वहीं उद्योग जगत के प्रतिष्ठित अवार्डों को भी हासिल किया। आगे बढ़ते हुए लगातार अपने आदर्शों को बनाए रखना और उत्पादों को हर कसौटी पर खरा रखना ये काम मुश्किल तो था मगर कंपनी की लीडरशिप, कर्मचारियों, डीलर्स और डिस्ट्रब्यूटर्स ने इसे मुमकिन बना दिया। ये सब करते हुए कंपनी ने एक आदर्श कंपनी का नमूना पेश किया जो देश की अन्य कंपनियों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत है।

कंपनी का कुशल नेतृत्व हमेशा हर चुनौती के लिए तैयार रहा और देश की जरूरतों के मुताबिक उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को प्रतिस्पर्धी कीमत पर लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया। अपनी प्रतिबद्धता के तहत पूरी तरह से समर्पित बेहतरीन चैनल पार्टनर्स की श्रृंखला बनाई। इन सभी चैनल पार्टनर्स ने भी बेहतरीन कार्य करते हुए कंपनी को आगे बढ़ाने का प्रयास किया। कंपनी ने भी इन्हें कामधेनु परिवार का महत्वपूर्ण सदस्य मानते हुए उनके कार्यों की हमेशा प्रशंसा की और सम्मानित किया। डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स को प्रोत्साहित करने के लिए हमेशा की तरह एक बार फिर कंपनी ने भव्य सम्मेलन को आयोजित कर उन्हें प्रोत्साहित किया।

कंपनी ने इस भव्य सम्मेलन को चंडीगढ़ के पॉच सितारा होटल 'हयात' में आयोजित किया। 6 से 8 सितम्बर तक चले इस तीन दिवसीय सम्मेलन में कंपनी के पंजाब और हिमाचल प्रदेश के करीब 550 डीलर्स ने हिस्सा लिया। यहां कामधेनु लिमिटेड के पदाधिकारियों में निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, सीनियर जीएम बीडी श्री वी.के. गहलोत, डीजीएम श्री विवेक महेश्वरी, एजीम श्री अमित सोनी, एजीएम श्री दीपक भाटिया और हिमांशु शर्मा सम्मिलित हुए।




इनके साथ ही कंपनी के उत्पादों का लाइसेंस एग्रीमेंट के जरिए निर्माण करने वाली कंपनी मेसर्स रसिक इंडस्ट्रीज से निदेशक श्री रमेश गुप्ता और मेसर्स बंसल इस्पात एंड उद्योग से निदेशक श्री विजय बंसल ने हिस्सा लिया।

इस भव्य सम्मेलन में बॉलीवुड की खूबसूरत अभिनेत्री दिया मिर्जा भी सम्मिलित हुई और डीलर्स को सफलता के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। यहाँ डीलर्स को भी दिया मिर्जा के साथ तस्वीरें लेने का मौका मिला। यहाँ डीलर्स को संबोधित करते हुए कामधेनु लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, ''किसी भी लक्ष्य को हासिल करना मुश्किल हो सकता है मगर नामुमकिन नहीं। लगातार किये जाने वाला प्रयास आपको सफलता के शिखर पर ले जाता है। इसी को देखते हुए हमने नया लक्ष्य रखा है कि हम उत्पादन क्षमता को 5 लाख टन प्रतिवर्ष करेंगे। आपकी और हमारी क्षमता देखकर लगता है कि ये मुमकिन है। और कामधेनु लिमिटेड की सफलता का मंत्र भी यही है, मुश्किल है पर मुमकिन है।''






## तेजस को मिली बड़ी कामयाबी विमान वाहक पोत पर हो सकेगी तैनाती

हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस ने विमानवाहक पोत पर तैनाती संबंधित महत्वपूर्ण परीक्षण अरेस्ट लैंडिंग में सफलता हासिल की है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन और हिन्दुस्तान एरोनॉटिकल लिमिटेड द्वारा 12 सितम्बर को गोवा में इसका परीक्षण किया गया। अरेस्ट लैंडिंग तकनीक में मतबूत तार के जरिए सीमित दूरी में लड़ाकू विमान को लैंड कराया जाता है। इसमें सफलता मिलने के बाद भारत उन देशों की श्रेणी में आ गया जो विमानवाहक पोत पर लैंड और शार्ट टेक ऑफ करने वाले विमान बनाने की क्षमता रखता है। तेजस ने अपने परीक्षण में 90 मीटर की अरेस्ट लैंडिंग की। विमानवाहक पोत से उड़ान भरने के लिए 200 मीटर और उतरने के लिए 100 मीटर की हवाई पट्टी की आवश्यकता होती है।

## डीआरडीओ ने ब्रह्मोस मिसाइल का किया सफल परीक्षण

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (ड़ीआरडीओ) ने 30 सितम्बर को ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल के जमीनी संस्करण का ओडिशा के बालेश्वर जिले के चांदीपुर रेंज में सफल परीक्षण किया। इसके परीक्षण के साथ ही इसकी क्षमता में इजाफा हो गया। ब्रह्मोस ऐसी सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है जो 2.8 मैक की गति से मार करती है। यह 300 किलोग्राम तक विस्फोटक ले जा सकती है। दुनिया में सबसे तेज गति से मार करने वाली सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल को हवा, जल और थल से दागा जा सकता है। ये मिसाइल भारत और रूस का संयुक्त उपक्रम है। वर्तमान में यह 290 किलोमीटर तक मार करती है मगर इसकी क्षमता को बढ़ाकर 600 किलोमीटर करने पर विचार किया जा रहा है।



## महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर छात्रों ने बानाए दो विश्व रिकॉर्ड

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर अनोखे ढंग से श्रद्धांजलि देते हुए दिल्ली एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के युवा छात्रों ने दो विश्व रिकॉर्ड बनाए। पहला विश्व रिकॉर्ड 'एक स्थान पर सबसे अधिक संख्या में पर्यावरण स्थिरता संबंधी सबक' वर्ग में था। इस विश्व रिकॉर्ड में लगभग 5000 बच्चों ने भाग लिया। दूसरा रिकॉर्ड 'सबसे बड़ी संख्या में सोलर लैंप की असेम्बली और लाइटिंग' से संबंधित था। इस रिकॉर्ड में प्रतिभागियों की संख्या लगभग 5000 से अधिक थी। यहां छात्रों ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसकी रक्षा का संकल्प लिया। खास बात यह रही कि छात्रों ने सोलर लाइट स्वयं तैयार की। इस अवसर पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रकाश जावडेकर, अक्षय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह उपस्थित थे इन्होंने भी छात्रों को अहिंसा के रास्ते पर चलते हुए पर्यावरण की रक्षा करने के लिए प्रोत्साहित किया। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड के अधिकारियों की मौजूदगी में ये कार्यक्रम हुआ।






# कामधेनु पेंट्स डीलर्स का बैंकॉक और पटाया का खुशियों भरा सफर

रंगों से दुनिया खूबसूरत है और रंग ही है जो दुनिया को सजाने का काम करते हैं। ऐसे ही रंगों को संजोया है, देश की अग्रणी कंपनी कामधेनु पेंट्स ने। कामधेनु पेंट्स सजावटी रंगों का वो नाम है जिसने थोड़े ही समय में देश में एक खास मुकाम हासिल किया है। सजावटी रंगों की श्रृंखला और खूबसूरत रंगों का खुशनुमा अहसास इस सभी से कामधेनु पेंट्स भरी हुई है। ऐसा करते हुए कंपनी ने हर उस व्यक्ति को खुशियों भरा सफर दिया है जो कंपनी के साथ जुड़ा है। अपने इसी खास पहल के तहत कंपनी ने एक बार फिर अपने डीलर्स को खूबसूरत दुनिया को देखने और जानने का मौका दिया और उन्हें बैंकॉक एवं पटाया के सफर का तोहफा दिया।

इस टूर में कामधेनु पेंट्स के 11 डिपो के करीब 120 डीलर्स ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। डीलर्स ने 18 से 22 अगस्त तक के 5 दिन के इस मस्ती भरे सफर का आनंद लिया। इस सफर के दौरान डीलर्स को थाइलैंड के दो खूबसूरत शहर बैंकॉक और पटाया को करीब से जानने का मौका मिला। ये दोनों ही शहर अपने ग्रीन बिल्डिंग कांसेप्ट और न्यू एज बिल्डिंग के साथ–साथ अपनी संस्कृति के लिए प्रसिद्ध है। यहां डीलर्स ने अपने पहले पड़ाव में पटाया में अलकज़ार शो को देखा और थाइलैंड की पारम्परिक नृत्य शैली का आनंद लिया। इसके साथ ही यहां के विश्व प्रसिद्ध बुद्धा मंदिर और कोरल द्वीप की सैर की।

अगले पड़ाव में चैनल पार्टनर्स ने बैंकाक सिटी की यात्रा की। इस पूरे सफर में इन्होंने कभी न भूल पाने वाले रमणीय स्थलों की यादगार तस्वीरों को कैमरे में कैद किया। इसके साथ ही कंपनी ने डीलर्स के लिए खास गाला नाईट इवेंट को भी आयोजित किया। यहां डीलर्स के बेहतरीन कार्य की प्रशंसा की गई और उन डीलर्स को पुरस्कृत और सम्मानित किया जिन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रोत्साहित करने वाले खास टूर में डीलर्स अपने प्रदर्शन को दोहराने का संकल्प लिया और कंपनी के बेहतरीन व्यवहारिक नीतियों से उत्साहित होकर हर लक्ष्य को प्राप्त करने का हौसला दिखाया।

उच्च गुणवत्ता वाले पेंट को हर घर तक पहुंचाने के संकल्प को पूरा करने में योगदान देने वाले डीलर्स को संबोधित करते हुए कामधेनु पेंट्स के निदेशक श्री सौरभ अग्रवाल ने कहा, ''हम डीलर्स के प्रयासों की प्रशंसा करते हैं। हमारी भी हमेशा कोशिश रहती है कि हम डीलर्स तक सही इंसेंटिव लेकर आये और उन डीलर्स को मोटिवेट करें जो अपने कार्य को सफलता के साथ पूरा कर रहे हैं, ताकि हमारा खुशियों भरा सफर लगातार आगे बढ़ते रहे।''



RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Publication Date: 26.10.2019



# कामधेनु डीलर्स
## का जोश से भरा सम्मेलन देवघर और रांची में हुआ आयोजित




कंस्ट्रक्शन स्टील का निर्माण करने वाली अग्रणी कंपनियों में शुमार कामधेनु लिमिटेड पूरे देश में आज भरोसे का प्रतीक है। इस भरोसे को बनाने के लिए कंपनी ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम किया और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को पेश किया। कंपनी अपनी इस प्रतिबद्धता को अगले स्तर पर ले जाने के लिए हमेशा प्रयास भी करती रहती है, जिसके तहत इनोवेशन और मोटिवेशन दोनो ही प्रसास समानान्तर चलते रहते हैं। इनोवेशन से जहां लोगों को बेहतरीन उत्पाद प्रतिस्पर्धी कीमत पर मिले वहीं मोटिवेशन से कंपनी से जुड़े हर व्यक्ति में अपने हुनर को निखारने का मौका मिला। एक जिम्मेदार कारपोरेट की तरह कंपनी ने इस मोटिवेशन को पूरे देश में फैले अपने डीलर्स तक हमेशा पहुंचाया है। इसी के तहत कंपनी ने झारखंड के डीलर्स को प्रोत्साहित करने के लिए दो जिलों में लगातार दो सम्मेलन को आयोजित किया।

कंपनी ने देवघर में 8 सितम्बर को डीलर्स सम्मेलन को आयोजित किया। इसमें Kamdhenu NXT के लगभग 60 डीलर्स ने उत्सापूर्वक हिस्सा लिया। यहां डीलर्स को मोटिवेट करने के लिए कामधेनु लिमिटेड के पदाधिकारियों में श्री योग राज पंडिता (जीएम मार्केटिंग) और श्री विकास रंजन राउत (असि. मैनेजर मार्केटिंग) सम्मिलित हुए। इनके साथ ही कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर्स श्री संजय खेतान और श्री पंकज खेतान ने भी हिस्सा लिया। इस सम्मेलन के बाद कंपनी ने रांची में डीलर्स मीट को आयोजित किया। इसमें भी करीब 60 डीलर्स ने हिस्सा लिया।

इन दोनों ही सम्मेलन में कंपनी के पदाधिकारियों ने प्रजेंटेशन के माध्यम से कंपनी की भावी योजनाओं को डीलर्स के सम्मुख रखा और उन्हें मोटिवेट करते हुए मार्केटिंग के गुर सिखाए। इनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए राज्य की विकास योजनाओं में भागीदारी बढ़ाने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। कंपनी के उच्च गुणवत्ता वाले स्टील उत्पादों की क्षमता को भी समझाया गया। इसके साथ ही अपने कार्य को बेहतरीन ढंग से करने वाले डीलर्स को यहां सम्मानित किया गया।

कंपनी की योजनओं में सभी डीलर्स ने उत्साह दिखाया और पूरे जोश के साथ हर लक्ष्य को पूरा करने की प्रतिबद्धता दिखाई। डीलर्स के जोश से उत्साहित कंपनी के जीएम मार्केटिंग, श्री योग राज पंडिता ने कहा, ''आपमें हर लक्ष्य को हासिल करने का जोश बेहतरीन है। आप जिस तरह से कार्य कर रहे हैं और हर लक्ष्य को हासिल कर रहे हैं, उससे हम राज्य में अपनी बाज़ार हिस्सेदारी को और बढ़ा सकते हैं। हमारे पास इनोवेटिव और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की शृखंला है जिससे हम राज्य में विकास की नई मिसाल पेश कर सकते हैं।''




**बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ**

श्री हरदीप सिंह सलूजा
**मेसर्स सलूजा पेंट्स एंड प्लाय**
मेन रोड कवर्धा, जिला–कबीरधाम, छत्तीसगढ़
मोः 9993198480

श्री अजय कुमार गुप्ता
**मेसर्स मॉ लक्ष्मी स्टोर्स**
समीप रमेश चौक, औरंगाबाद, बिहार
मोः 8092981000

जाविद हुसैन
**मेसर्स जे जे ट्रेडर्स**
महामाया चौक, पुराना बस स्टैंड, रायसेन, मध्य प्रदेश
मोः 9926379452

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com